मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-12
04/01/2023

# मुख्यमंत्री 'समाधान यात्रा' के लिए हुये रवाना

पटना, 04 जनवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार समाधान यात्रा के लिए आज पश्चिम चंपारण जिला के लिए रवाना हुये। 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री लेशी सिंह, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, विधान पार्षद श्री ललन सर्राफ ने मुख्यमंत्री को समाधान यात्रा के लिये पुष्प–गुच्छ भेंटकर शुभकामनायें दी।

पटना हवाई अड्डे के स्टेट हैंगर के पास बड़ी संख्या में नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को फूलों का गुलदस्ता देकर शुभकामनायें दी।

इस अवसर पर परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, जदयू प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश कुशवाहा सहित कई विधायक, विधान पार्षद एवं बड़ी संख्या में जदयू के नेता एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

******